प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियां तेज : मुख्य सचिव मनोज कुमार ने बैठक कर व्यवस्थाएं पूरी करने के दिये निर्देश।
2. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज से लागू हुई अधिसूचना : 13 नवम्बर को होगा मतदान।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर की बैठक : कहा– इन्वेस्टमेंट और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण न रखें जाएं लंबित।

और

4. भदोही में चल रहे 4 दिवसीय इंडिया कारपेट एक्सपो का आज हुआ समापन : 67 देशों के पांच सौ खरीददारों ने लिया हिस्सा।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 अक्टूबर को वाराणसी आगमन को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में आज एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान अपनी तैयारी पूरी तन्मयता से करने के लिये निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने पूरे कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन तथा मूवमेंट को लेकर

उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। बैठक में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सुरक्षा के मजबूत प्रबंध के साथ किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिये।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन के दौरान प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी मुख्य सचिव को दी। बाइट........

*व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही लोकल स्तर आरोप जो चौलेंजेस होते हैं या जो आ सकते हैं आने वाले दो दिन में उनकी गाइडेंस भी उनके द्वारा दी जाती है। साथ ही विभागीय तैयारियां चाहे वो नगर निगम हो,फायर सर्विस हो, टेलीफोन हो, एनआईसी आदि की भी जानकारियाँ ली जाती है। कुल मिला के सारे मार्गदर्शन प्राप्त हुए हैं। अधिकतर तो पहले से ही काम चल रहा था। वो जो मूलभूत और जानकारियाँ प्राप्त हुई है उसपे भी कार्य करवाया जा रहा है और आने वाले एक दो दिन की जो तैयारी बची है उसमें उनको इन कॉरपोरेट करवाया जाएगा।*

——————————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज से अधिसूचना लागू हो गई। इन सीटां पर नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। वहीं नाम वापसी 30 अक्टूबर तक की जा सकेगी। इन सीटों पर 13 नवम्बर को मतदान होगा। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट.......

*जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें कटेहरी, करहल, मीरापुर, कुंदरकी, फूलपुर, सीसमऊ, गाजियाबाद, मझावां और खैर शामिल हैं। इन 9 सीटों में से सीसमऊ को छोड़कर आठ सीटें यहां के विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद खाली हो गई थीं। सीसमऊ में*

*एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए समाजवादी पार्टी विधायक इरफान सोलंकी की अयोग्यता के कारण उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की द्सरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। उन्होंने कहा कि एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्राप्ति में सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने हर विभाग में इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। साथ ही नोडल अधिकारी साप्ताहिक, प्रमुख सचिव स्तर पर पाक्षिक और विभागीय मंत्री के स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक की जाए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगो।

————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने उच्च शिक्षा, लोक निर्माण, प्रशासनिक सुधार विभाग समेत नौ विभागों में 109 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर दिया है। आवेदन

प्रक्रिया 17 अक्टूबर से 18 नवम्बर तक चलेगी। आवेदन सुधार और संशोधन 25 नवम्बर तक होगा।

—————————

महंगाई पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सस्ते दरों पर प्याज उपलब्ध कराने के लिए कांदा एक्सप्रेस के नाम से विशेष ट्रेने चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेनें प्याज लेकर दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में जाएंगी। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले के विभाग ने इसकी घोषणा की है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले के विभाग की सचिव निधि खरे ने कल एक प्रेस वार्ताके दौरान बताया कि प्याज परिवहन के साधन के रूप में रेलवे का महत्व बढ़ना तय है, क्योंकि निपटान में तीव्र गति लाने के लिए और अधिक स्थानों को जोडा जा रहा है।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सिविल एयरपोर्ट के बाहर दीप्तिमान 84 स्तंभों की स्थापना की जा रही है। ये स्तंभ पौराणिक मान्यता के अनुसार जीवन के 84 लाख योनियों से होकर गुजरने के विकास का प्रतीक हैं। नवंबर तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.........

*एयरपोर्ट टर्मिनल के सामने से जाने वाली सड़क में ये 84 स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। हर स्तंभकी लंबाई 6 मीटर होगी और यह खास स्टोन से बनाया जा रहा है। एक स्तंभ से दूसरेस्तंभ की दूरी 12 मीटर रखी गई है। हर स्तंभ में भगवान शिव के सहस्त्र नाम भी लिखेजाएंगे। रात के समय इन स्तंभों में स्पेशल लाइटिंग का इंतजाम किया है ताकि अंधेरेमें भी ये उतनी ही चमक के साथ आलोकित होते रहें । स्तंभ के पास फूलदार सजावटी पौधेभी रोपित किए जाएंगे। नजदीक बैठने के लिए विशिष्ट बेंच का भी निर्माण किया जायेगा। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

——————————

भारतीय कालीन के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से भदोही में चल रहे 4 दिवसीय इंडिया कारपेट एक्सपो का आज समापन हो गया। एक्सपो में 67 देशों के पांच सौ खरीददार और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। कारपेट एक्सपो में देश के लगभग तीन सौ कालीन निर्यातकों ने अपने स्टाल लगाकर खूबसूरत कालीनों को प्रदर्शित किया। इसमें कश्मीर,

जयपुर, बीकानेर, पानीपत, आगरा, वाराणसी और मिर्जापुर के कालीन निर्यातकों ने अपने स्टाल लगाए। वहीं विदेशी खरीददारों ने भी इस एक्सपो में काफी रुचि दिखाई। कालीन निर्यातक असलम महबूब ने बताया कि इस एक्सपो मं अच्छे ऑर्डर मिल हैं। बाइट.......

*बहुत अच्छा रहा हर तरह क फ्लेट वीव को मैने देखा काफी लोगों को आंर्डर मिले है और ये माडल कान्सेप्ट ज्यादा लोगों को पंसद किया है ओवर आल लोगों का अच्छा रिपांस है।*

एक्सपो आयोजित करने वाली भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अधीन आने वाली कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन कुलदीप वॉटल ने बताया कि इस एक्सपो से छोटे मझौले कालीन निर्यातकों को काफी मदद मिलती है। बाइट........

*हमारे मेले में जो निर्यातक है, छोटे और मझले निर्यातक है वो बहुत ही खुश है और उनको अपने घर में बैठ के ससठ मुल्कों के बायर उनका आके माल देख रहे हैं, उनके प्रोडक्ट देख रहे हैं, उनको ऑर्डर दे रहे हैं। इससे बड़ी कोई संतोषजनक बात कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के नहीं हो सकती और सबने ये खुशी जाहिर की है कि बहुत ही शानदार सक्सेसफुल मेला रहा है और मेरे को उम्मीद है कि कम से कम इस मेले से साढ़े चार सौ से पाँच सौ करोड़ का काम होगा।*

---

शहनाई और राम धुन के साथ ऐतिहासिक देवा मेले की आज बाराबंकी में शुरुआत हो गई। परंपरागत तरीके से देवा मेला और प्रदर्शनी समिति के अध्यक्ष जिला अधिकारी की पत्नी डॉक्टर सुप्रिया ने एजाज़ रसूल गेट पर फीता

काटकर मेले का उद्घाटन किया। पेश है हमारेप्रतिनिधि की रिपोर्ट........

*जो रब है वही राम है का संदेश देने वाले सूफी संत हाजी वारिस अली शाह द्वारा एक शताब्दी पूर्व अपने पिता की याद में शुरू किए गए इस मेले में देश के कोने–कोने से लाखों जरीन की आमद होती है। प्रगतिशील सोच रखने वाले सूफी संत हाजी साहब ने लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए इस मेले की नींव रखी थी तब से प्रत्येक वर्ष यहां करोड़ का व्यापार होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी मेले में आने वाले भरपूर आनंद उठाते हैं इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार यहां 100वाँ ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के नाम चीन शायर भाग लेंगे। मेला ज़ायरीन की आमद शुरू हो जाने से गुलजार हो गया आकाशवाणी के लिए बाराबंकी से परवेज़ अहमद।*

————————

**रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच लखनऊ में खेले जा रहे मैच में हरियाणा ने आज पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 242 रन बना लिए हैं। हिमांशु राणा ने शतक लगाते हुए 114 रनों का योगदान किया जबकि अंकित कुमार ने अर्धशतकीय पारी खेली और 77 रन जोड़े। हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।**

**(समाप्त)**